महाकवि कालिदास कृत

मेघदूत

अनुवादक

केशवप्रसाद मिश्र

श्री:

प्रथम संस्करण की प्रस्तावना

"पापाणादपि पीयूषं स्पन्दते यस्य लीलया।"
तं मेघदूतनामानं कविमन्त्रमुपास्महे ॥

देशदर्शन-कौतुकी कालिदास काव्यसंसार में रमते रमते रामगिरि पर जा जमे। जलदागम-काल था। स्निग्धश्यामल बलाहकों से व्योममण्डल व्याप्त था। जलकणवाही सुखशीतल केतकगन्धी गन्धवाह झूम झूम कर चल रहा था। प्रिय-समागम से प्रीत प्रेमपरीत मयूर मत्त होकर प्रमोद-नृत्य कर रहे थे। शैल-सरिता का सर्ज-अर्जुन-कदम्ब-कुसुमों से मिश्रित पर्वतीय-धातु-रंजित नव जल त्वरित गति से कल कल करता बह रहा था। घनदर्शनोत्सुक प्रमुदित बकपंक्ति रुचिर अम्बर की पुण्डरीक माला सी पवन में उड़ रही थी। अभिनव जलधारा से आप्यायित मरकतमणि-नील शाद्वल पर टहलती हुई बीरबहूटियाँ धरा-रमणी को लालबूटीदार सुश्यामरी साड़ी पहना रही थीं। रम्य वनान्त कहीं भ्रमरों के रूप में गुनगुना रहे थे; कहीं कलापियों के रूप में अलाप रहे थे; कहीं गजेन्द्रों के रूप में मत्त हो रहे थे तो कहीं नवोद्भिन्न कन्दलीदलों के रूप में रोमाञ्चित। पपीहे पिहक रहे थे। श्रोत्राभिराम घनध्वनि मधुर मृदङ्ग-

परन्तु विरही कालिदास को जान पड़ा कि ये कालकूट-काल कराल बादल इन्द्रधनु लेकर वियोगियों पर बाण-वारि-धारा बरसा रहे हैं। अस्तु। उनकी प्रतिभा भी कौंधी। कल्पना-कादम्बिनी उमड़ पड़ी। विश्वप्रेम-पीयूष की वर्षा होने लगी। डरावने मेघ सगे लगने लगे। सोचा—इनसे बढ़कर सन्तप्तों का शरण कौन होगा? इन्हीं में से किसी को दूत बनाकर यदि प्राण-प्रिया के पास भेजूँ तो अच्छा रहे। बस फिर क्या था। भावना करते ही मेघ दूत बन कर चला प्रिया को विश्वप्रेम का सन्देश सुनाने।

असंगता विश्वप्रेम का प्रधान कारण है। संगम का परिच्छिन्न प्रेम विरह में अपरिच्छिन्न हो जाता है। अलका के भवन में बैठी यक्ष-पत्नी यक्ष को प्रत्येक वस्तु में दिखाई देती है।

"प्रासादे सा पथि पथि च सा पृष्ठतः सा पुरः सा
सा सा सा सा जगति सकले कोऽयमद्वैतवादः"

तभी तो उसे पेड़-पल्लव, नदी-नद, खोह-पहाड़, पशु-पक्षी, भले-बुरे जड़-चेतन सभी से प्रेम हो गया है। तभी तो बादल गले मिल कर पहाड़ से विदा माँगता है। और पहाड़ बहुत दिनों पर अपने स्नेही को देखकर गरम आँसू बहाता है।

कालिदास के सर्वप्रिय मेघदूत के विषय में यहाँ अधिक लिखने की आवश्यकता मैं नहीं समझता। इस अनुपम काव्य-रत्न की इतनी परख—इतनी चर्चा—हो चुकी है कि इसके जौहर तथा इससे सम्बन्ध रखनेवाली अन्य सामान्य ज्ञातव्य बातें प्रायः काव्यरसिकों को ज्ञात हैं।

हाँ इतना मैं अवश्य कहूँगा कि आनन्द और अवकाश के समय इसका पाठ करने से सचमुच उसी अलौकिक रस का अनुभव होता है जो 'काव्यप्रकाश' में इस प्रकार वर्णित है—

× × × पुर इव परिस्फुरन् हृदयमिव प्रविशन् सर्वाङ्गीणमिवालिंगन् अन्यत् सर्वमिव तिरोदधत् ब्रह्मास्वादमिवानुभावयन् अलौकिकचमत्कारकारी × × रसः। अब

प्रस्तुत अनुवाद

के विषय में दो बातें सुन लीजिए। छन्द के पींजड़े में बन्द की गई कविता-कोकिला स्वच्छन्द नहीं रहती। न तो वह मौज से पर फैलाकर उड़ सकती है और न स्वभावमधुर कूक ही सुना सकती है। अपनी सारी अठखेलियाँ उसे उसी घेरे के भीतर ही करनी पड़ती हैं। फिर चाहे वह कोकिला किसी कलावन्त खिलाड़ी की हो या किसी अताई तुक्कड़ की।

कविकुलगुरु कालिदास सच्चे कवि थे। जब कभी उनकी प्रतिभा जागरित होती, उनकी सूझ रीमती; वे तुरन्त मधुरोचित पदावली की चाशनी को छन्दों के साँचों में डाल देते और सुन्दर सुन्दर पद्यों की मीठी मीठी मूर्तियाँ निकल आतीं। पर कभी कभी उन्हें भी छन्दों की परिच्छिन्नता—नाप-जोख—के कारण स्वाभाविकता की सुघराई से हाथ धोना पड़ा है। बानगी देखिए—

"तां कस्याञ्चिद् भवनवलभौ सुप्तपारावतायां
नीत्वा रात्रिं चिरविलसनात् खिन्नविद्युत्कलत्रः" पू० मे० ३९

यक्ष कहता है—भाई मेघ! देख, तू अपनी प्रिया सौदामनी का खयाल रखना। वह बड़ी ही सुकुमार है। क्षण भर में उसकी प्रभा—उसकी ओप—उतर जाती है। तू ठहरा अतिविलासी। रास्ते भर छेड़ छाड़ से तू बाज़ आने का नहीं। और मुझे आता है उस बेचारी पर तरस। इससे सुन मैं बतलाऊँ। रात को किसी अटारी पर, जहाँ अति विलास से थके कबूतर भी निधड़क सो रहे हों, तू उसे विश्राम देना। छेड़ना मत। हाँ!

परन्तु शब्द-रचना से यह अर्थ स्पष्टतया नहीं निकलता। छन्द की तंगी से कवि ने "खिन्नविद्युत्कलत्रः" (जिसकी विद्युत्-पत्नी खिन्न हो गई हो, वह) पद को 'त्वम्' (तू) का विशेषण बनाया है। जिसका यह अर्थ हुआ कि—'खिन्न विद्युत् पत्नी वाला तू' (रात बिता कर चलना)। इस अर्थ से कवि की इष्टसिद्धि नहीं होती। क्योंकि विशेषण और विधेय में बड़ा अन्तर है। 'पूर्वसिद्ध-कथन' के लिए विशेषण का प्रयोग होता है और 'अपूर्व बोधन' के लिए विधेय का। यहाँ 'विद्युत् पत्नी का खेद' अपूर्व—नई—बात है। उसे विशेषरूप से बोधन करना, उस पर ध्यान दिलाना कवि को इष्ट था; अतः उसका प्रयोग विधेय-विधया होना चाहिए था। परन्तु विशेषण-कोटि में रखने से इस अपूर्व बात की अपूर्वता—विधेयता—नष्ट हो गई है और पूर्वसिद्धता—उद्देश्यता—प्रतीत होती है। "भूखे घोड़े वाला तू कुछ खा पी ले" इस वाक्य से यह स्पष्टतया नहीं सूचित होता कि 'तेरा घोड़ा भूखा है, तुझे उसकी खबर लेनी चाहिए'। 'भूखे घोड़े वाला' केवल 'तू' के परिचय के लिए प्रयुक्त सा मालूम पड़ता है। इस प्रकार विधेय के अनुचित प्रयोग को 'विधेयाविमर्श'

ेष कहते हैं। उक्त पद्यार्थ का अनुवाद इस प्रकार
किया गया है—

ऐसी छत पर, जहाँ कबूतर निधड़क करते हों आराम,
अतिविलास से थकी चञ्चला प्यारी को देना विश्राम।

इसी प्रकार का एक और उदाहरण उत्तर मेघ से लीजिए—

मत्संभोगः कथमुपनमेत् स्वप्नजोऽपीति निद्रा—
माकाङ्क्षन्तीं नयनसलिलोत्पीडरुद्धावकाशाम्॥ उ० मे० २८

क्ष कहता है—मेरी विरहिणी निरुपाय होकर यह चाहती होगी कि
मुझे नींद आ जाय और प्रत्यक्ष नहीं तो स्वप्न ही में मैं प्रियमिलन
का आनन्द ले लूँ। पर हाय! उसकी आँखों में नींद कहाँ! उनसे
तो आँसुओं की धारा उमड़ती होगी।

परन्तु "नयनसलिलोत्पीडरुद्धावकाशाम्" (आँसुओं के उमगने
से जिसे स्थान नहीं मिलता—वह) पद को 'निद्राम्' (नींद) का
विशेषण बनाकर कवि ने बात विगाड़ दी। इससे यह प्रतीति सी
होने लगी कि—वह निर्विघ्न निद्रा नहीं चाहती, वह ऐसी निद्रा
चाहती है जिसे आँसुओं के मारे आँखों में स्थान न मिलता हो।
देखा आपने! छन्द की झंझट ने कितनी हानि की। इसका
अनुवाद यों है—

मिलन स्वप्न में ही हो इससे करती निद्रा का अभिलाप,
किन्तु अश्रुधारा के मारे उसको वहाँ कहाँ अवकाश!

यक्ष कहता है—भाई मेघ ! देख, तू अपनी प्रिया सौदामनी का खयाल रखना। वह बड़ी ही सुकुमार है। क्षण भर में उसकी प्रभा—उसकी ओप—उतर जाती है। तू ठहरा अतिविलासी। रास्ते भर छेड़ छाड़ से तू बाज़ आने का नहीं। और मुझे आता है उस बेचारी पर तरस। इससे सुन मैं बतलाऊँ। रात को किसी अटारी पर, जहाँ अति विलास से थके कबूतर भी निधड़क सो रहे हों, तू उसे विश्राम देना। छेड़ना मत। हाँ !

परन्तु शब्द-रचना से यह अर्थ स्पष्टतया नहीं निकलता। छन्द की तंगी से कवि ने "खिन्नविद्युत्कलत्रः" (जिसकी विद्युत्-पत्नी खिन्न हो गई हो, वह) पद को 'त्वम्' (तू) का विशेषण बनाया है। जिसका यह अर्थ हुआ कि—'खिन्न विद्युत् पत्नी वाला तू' (रात बिता कर चलना)। इस अर्थ से कवि की इष्टसिद्धि नहीं होती। क्योंकि विशेषण और विधेय में बड़ा अन्तर है। 'पूर्वसिद्ध-कथन' के लिए विशेषण का प्रयोग होता है और 'अपूर्व बोधन' के लिए विधेय का। यहाँ 'विद्युत् पत्नी का खेद' अपूर्व—नई—बात है। उसे विशेपरूप से बोधन करना, उस पर ध्यान दिलाना कवि को इष्ट था; अतः उसका प्रयोग विधेय-विधया होना चाहिए था। परन्तु विशेषण-कोटि में रखने से इस अपूर्व बात की अपूर्वता—विधेयता—नष्ट हो गई है और पूर्वसिद्धता—उद्देश्यता—प्रतीत होती है। "भूखे घोड़े वाला तू कुछ खा पी ले" इस वाक्य से यह स्पष्टतया नहीं सूचित होता कि 'तेरा घोड़ा भूखा है, तुझे उसकी खबर लेनी चाहिए'। 'भूखे घोड़े वाला' केवल 'तू' के परिचय के लिए प्रयुक्त सा मालूम पड़ता है। इस प्रकार विधेय के अनुचित प्रयोग को 'विधेयाविमर्श'

दोष कहते हैं। उक्त पद्यार्थ का अनुवाद इस प्रकार किया गया है—

ऐसी छत पर, जहाँ कबूतर निधड़क करते हों आराम,
अतिविलास से थकी चञ्चला प्यारी को देना विश्राम।

इसी प्रकार का एक और उदाहरण उत्तर मेघ से लीजिए—

मत्संभोगः कथमुपनमेत् स्वप्नजोऽपीति निद्रा—
माकाङ्क्षन्तीं नयनसलिलोत्पीडरुद्धावकाशाम्॥ उ० मे० २८

यक्ष कहता है—मेरी विरहिणी निरुपाय होकर यह चाहती होगी कि मुझे नींद आ जाय और प्रत्यक्ष नहीं तो स्वप्न ही में मैं प्रियमिलन का आनन्द ले लूँ। पर हाय! उसकी आँखों में नींद कहाँ! उनसे तो आँसुओं की धारा उमड़ती होगी।

परन्तु "नयनसलिलोत्पीडरुद्धावकाशाम्" (आँसुओं के उमगने से जिसे स्थान नहीं मिलता—वह) पद को 'निद्राम्' (नींद) का विशेषण बनाकर कवि ने बात बिगाड़ दी। इससे यह प्रतीति सी होने लगी कि—यह निर्विघ्न निद्रा नहीं चाहती, वह ऐसी निद्रा चाहती है जिसे आँसुओं के मारे आँखों में स्थान न मिलता हो। देखा आपने! छन्द की झंझट ने कितनी हानि की। इसका अनुवाद यों है—

मिलन स्वप्न में ही हो इससे करती निद्रा का अभिलाष,
किन्तु अश्रुधारा के मारे उसको वहाँ कहाँ अवकाश!

एक और—

विद्युत्वन्तं ललितवनिताः सेन्द्रचापं सचित्राः
संगीताय प्रहतमुरजाः स्निग्धगम्भीरघोषम् ।
अन्तस्तोयं मणिमयभुवस्तुङ्गमभ्रंलिहाग्राः
प्रासादास्त्वां तुलयितुमलं यत्र तैस्तैर्विशेषैः ॥ उ० मे० १

इस पद्य में बड़ी सुन्दरता से मेघ और अलका के प्रासादों की तुलना की गई है। पहले संबोध्यमान मेघ के तुल्य गुण बतलाये गये हैं पीछे प्रासादों के। और यही क्रम उचित भी है। क्योंकि मेघ सामने है और प्रासाद हैं आँखों की ओट। किन्तु छन्द की निष्ठुरता से यह क्रम न निभा। द्वितीय चरण में प्रासादों का जिक्र पहले और मेघ का पीछे आ गया। बात बिगड़ गई। 'भग्नप्रक्रमता' अथवा 'क्रमभङ्ग' दोष आ पड़ा। इसका अनुवाद यथास्थान देखिए।

इस प्रकार महाकवि कालिदास को जब काव्य भर में एक छन्द के प्रयोग का नियम करने से कठिनता हुई तब अनुवादक बेचारे की कौन कहे! उसे तो एक नहीं अनेक संकट हैं। महाकवि के भावों की रक्षा करना; अन्यूनानतिरिक्त—नपे तुले—शब्दों में उन्हें प्रकट करना; महाकवि ने अपनी अनोखी प्रतिभा की लहर में जो बात अनायास कह डाली है उसे गढ़ गढ़ कर छन्द की डिब्बी में बन्द करना; न कुछ बढ़ाने की उसकी शक्ति और न कुछ घटाने का उसका अधिकार!

ऐसी अवस्था में सहृदय पाठक समझ सकते हैं कि मेरा अनुवाद कैसा होगा और मुझे अपने अनुवाद की सफलता पर कैसा विश्वास होगा। अन्त्यानुप्रास का बखेड़ा अपने सिर मढ़ कर मैंने और दुःसाहस किया है। पर करता क्या? यदि इस नीरस रचना को यह अलङ्कार भी न पहनाता तो बेचारी निरी नङ्गी रहती।

पाठ-भेद तथा अर्थ-भेद

के सम्बन्ध मे भी मेरा कुछ वक्तव्य है। प्रायः मैंने अनुवाद के लिए निर्णयसागर के प्रचलित संस्करण ही का उपयोग किया है। किन्तु उसके कुछ पाठ मुझे बहुत ही खटकते थे। दैवात् "अनंतशयन-संस्कृतग्रन्थमाला" में प्रकाशित दक्षिणावर्त्तनाथ-कृत-टीका-सहित 'मेघसन्देश' की एक प्रति मेरे हस्तगत हुई। उसके पाठ मल्लिनाथी पाठों से कहीं उत्तम हैं। एक नमूना देखिए—

पूर्वमेघ के चतुर्थ श्लोक का प्रथम चरण मल्लिनाथ के अनुसार यह है—

'प्रत्यासन्ने नभसि दयिताजीवितालम्बनार्थी'

इसका अर्थ है—यक्ष ने श्रावण आते आते प्रिया की जीवनरक्षा के हेतु (मेघ के द्वारा सन्देश भेजने का विचार किया।) किन्तु इससे जी नहीं भरता। यक्ष ने आषाढ़ के पहले दिन तो बादल देखा और सावन आने पर सन्देश भेजने का विचार किया! बीच में? मालूम नहीं क्या करता था। शायद बैठा बैठा इष्ट-सिद्धि के लिए अनुष्ठान करता रहा हो! नाथ ने "प्रत्यासन्ने

नभसि" के स्थान पर "प्रत्यासन्ने मनसि" पाठ माना है। जिसका अर्थ होता है-'जी में जी आने पर, जी ठिकाने होने पर'। यही अर्थ ठीक जान पड़ता है। इसके पहले मेघदर्शन से यक्ष की चिन्ता का वर्णन है—

उसे देख वह उत्कण्ठित हो जैसे तैसे खड़ा रहा,
जी भर आया, बड़ी देर तक दीन सोच में पड़ा रहा।

पश्चात् जी ठिकाने होने पर उसने सन्देश भेजना चाहा। मल्लिनाथ ने "प्रत्यासन्ने नभसि" पाठ कायम करने के लिए बड़ा तूमार बाँधा है, पर कुछ जँचता नहीं।

अर्थ समझने में मुझे मल्लिनाथी टीका से बहुत सहायता मिली है। अतएव मैं उनका अत्यन्त कृतज्ञ हूँ। किन्तु मैंने सर्वत्र उनका अनुसरण नहीं किया है। यत्र तत्र उनसे भिन्न भी अर्थ माने हैं। मल्लिनाथ जैसे "शब्दार्थपरीक्षणप्रणयी" हैं वैसे भावुक नहीं। पहले ही श्लोक की टीका में "जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु" (="सीता के मज्जन से शुचि जल" वाले आश्रमों में) इस विशेषण का भावार्थ उन्होंने लिखा है—'पावनेष्वित्यर्थः' (=पवित्र)। मतलब यह कि यक्ष ने जिन जिन आश्रमों में डेरे डाले वे सब बड़े ही पवित्र थे; क्योंकि वहाँ के जलाशयों में सीता जी ने स्नान किया था। सोचने की बात है कि विरही यक्ष कुछ तीर्थ-यात्रा के लिए तो रामगिरि पर गया ही नहीं था जो वह पवित्र स्थलों में डेरा डालता फिरता। वह बेचारा तो गया था अपने दिन काटने।

× × × × × × × × × × × ×
× × × × × × × × × × × × × × ×

किन्तु वाह रे कालिदास ! तुमने वहाँ भी उसे चैन से न रहने दिया। जहाँ जहाँ उसे ले जाकर टिकाया वहाँ वहाँ निर्वासित होने पर भी राम के साथ सीता का स्मरण दिला दिलाकर उसी से उसके भाग्य को कोसवाया ! विरह वेदना पर रुलाया !

पूर्वमेघ का १५ वाँ श्लोक है—

रत्नच्छायाव्यतिकर इव प्रेक्ष्यमेतत्पुरस्ताद्

वल्मीकाग्रात् प्रभवति धनुःखण्डमाखण्डलस्य । इत्यादि

इसमें प्रयुक्त 'वल्मीक' शब्द के अर्थ के विषय में मत-भेद है। साधारणत: 'वल्मीक' का अर्थ है 'बाँबी'। इसी अर्थ को बहुत से टीकाकारों ने माना है। मल्लिनाथ ने तो केवल "वामलूरश्च नाकुश्च वल्मीकं पुंनपुंसकम्" इत्यमरः" इतना ही कह कर छुट्टी ली है। किन्तु नाथ ने अधिक प्रकाश डाला है। वे लिखते हैं—"वल्मीकाग्रात् प्रभवति, तदन्तर्गतसर्पशिरोरत्नच्छायाव्यतिकर इव प्रेक्षणीयं धनुःखण्डं वल्मीकाग्रात् प्रभवतीत्यर्थः" अर्थात् बाँबी के सर्पों की मणियों के कान्तिमण्डल सा दृश्यमान यह इन्द्रधनुष बाँबी के सिरे से प्रकट होता है। बहुमत के आधार पर मैंने भी वल्मीक का अर्थ बाँबी माना और उसी को अनुवाद मे सन्निविष्ट किया है। किन्तु "शब्दशक्तिप्रकाशिका" मे इस विषय का बहुत ही सुन्दर उल्लेख है। कारक-प्रकरण में अपादान का अर्थ बतलाते हुए जगदीश ने प्रसङ्गात् लिखा है—वल्मीकाग्रात्प्रभवति धनुःखण्डमाखण्डलस्येत्यत्र धात्वर्थः प्राक्प्रकाशनम्, तत्र पञ्चम्या

अधिकरणत्वं × × × × प्रत्याख्यते। × × × एवञ्च वल्मीकाग्रवृत्तिप्रथमप्रकाशनवदाखण्डलस्य धनुःखण्डमित्याकारकस्तत्र बोधः। "वल्मीकः सातपो मेघः।" आखण्डलः शक्र इति। इसका निष्कर्ष यह है कि—मेघ! तुझ पर आतप पड़ने से तेरे ऊपर से ही इन्द्रधनुष पहले पहल प्रकाशित हो रहा है—इत्यादि। यह अर्थ प्रकृति-विज्ञान-सम्मत भी है। अतः इसके अनुसार उक्त पद्यार्ध का ऐसा अनुवाद होगा—

वह; तुझ पर आतप पड़ने से, देख, सामने मनभाता,
रत्नों के द्युति-मण्डल सा जो इन्द्रधनुष देखा जाता।

अब मैं हिन्दी के अप्पयदीक्षित एकलव्य के द्रोणाचार्यवत् अपने हिन्दी के गुरु पण्डितवर श्रीमहावीरप्रसाद द्विवेदी जी का श्रद्धापूर्ण हृदय से स्मरण करता हूँ, जिन्होंने अपनी सत्य-प्रिय सम्मतियों से इस अनुवाद को कृतार्थ किया है। मैं नहीं निश्चय कर पाता कि मैं अपने परमप्रिय मार्मिक सहृदय सुहृद्वर राय कृष्णदास जी को, उनकी प्रिय प्रेरणा, प्रशस्त प्रोत्साहन, हित-परामर्श तथा समुचित सहायता के परिवर्त्त में धन्यवाद दूँ या क्या करूँ? कविवर बाबू मैथिलीशरण गुप्त जी ने भी इस अनुवाद पर कृपा की है, अतः उनका भी मैं बड़ा कृतज्ञ हूँ।

मैं काशीस्थ-भारतकलापरिषद् को अन्त में अत्यन्त धन्यवाद देता हूँ जिसने मेरी इस प्रथम रचना का इतना आदर कर इसे प्रकाशित कराया है।

भदैनी, बनारस
विजयादशमी १६८०

—केशवप्रसाद मिश्र

काव्य और कवि के सम्बन्ध में दो बातें

मेघदूत काव्य-संसार का एक अद्वितीय व्यक्ति है। प्रातिभ और प्रत्यक्ष उभयविध गोचरों की जैसी रमणीय एकात्मता मेघदूत में है वैसी अन्यत्र कहीं नहीं। अविज्ञात का विज्ञान और विज्ञात का अविज्ञान जैसे ब्रह्मविद् का लक्षण है वैसे ही क्रान्तदर्शी कवि का भी। जिस कवि के चित्त की पहुँच मधुमती भूमिका तक है, जिसे पार्थिव रज भी मधुमत् प्रतीत होने लगता है, वही ऐसे मधुर कविकर्म का सृष्टिकर्ता हो सकता है।

मधुमती भूमिका चित्त की वह विशेष अवस्था है जिसमें वितर्क की सत्ता नहीं रह जाती। शब्द अर्थ और ज्ञान इन तीनों की पृथक् प्रतीति वितर्क है। दूसरे शब्दों में वस्तु, वस्तु का सम्बन्ध और वस्तु के सम्बन्धी इन तीनों के भेद का अनुभव करना ही वितर्क है। जैसे, 'यह मेरा पुत्र है' इस वाक्य से पुत्र, पुत्र के साथ पिता का जन्यजनकसम्बन्ध और जनक होने के नाते सम्बन्धी पिता इन तीनों की पृथक् पृथक् प्रतीति होती है। इस पार्थक्यानुभव को अपर प्रत्यक्ष भी कहते हैं। जिस अवस्था में सम्बन्ध और सम्बन्धी विलीन हो जाते हैं, केवल वस्तुमात्र का आभास मिलता रहता है उसे पर प्रत्यक्ष या निर्वितर्क समापत्ति कहते हैं। जैसे, पुत्र का केवल पुत्र के रूप में प्रतीत होना। इस प्रकार प्रतीत होता हुआ पुत्र प्रत्येक सहृदय के वात्सल्य का आलम्बन हो सकता है। चित्त की यह समापत्ति सात्त्विक वृत्ति

की प्रधानता का परिणाम है। रजोगुण की प्रबलता भेदबुद्धि और तत्फल दुःख का तथा तमोगुण की प्रबलता अबुद्धि और तत्फल मूढ़ता का कारण है। जिसके दुःख और मोह दोनों दबे रहते हैं, सहायकों से सह पाकर उभरने नहीं पाते, उसे भेद में भी अभेद और दुःख में भी सुख की अनुभूति हुआ करती है। चित्त की यह अवस्था साधना के द्वारा भी लाई जा सकती है और न्यूनातिरिक्त मात्रा से सात्त्विकशील सज्जनों में स्वभावतः भी विद्यमान रहती है। इसकी सत्ता से ही उदारचित्त सज्जन वसुधा को अपना कुटुम्ब समझते हैं और इसके अभाव से क्षुद्रचित्त व्यक्ति अपने पराये का बहुत भेद किया करते हैं और इसी लिए दुख पाते हैं, क्योंकि "भूमा वै सुखं नाल्पे सुखमस्ति"।

जब तक सांसारिक वस्तुओं का हमें अपर प्रत्यक्ष होता रहता है तब तक शोचनीय वस्तु के प्रति हमारे मन में दुःखात्मक ...क अथवा अभिनन्दनीय वस्तु के प्रति सुखात्मक हर्ष उत्पन्न होता है। परन्तु जिस समय हमको वस्तुओं का पर प्रत्यक्ष होता है उस समय शोचनीय अथवा अभिनन्दनीय सभी प्रकार की वस्तुएँ हमारे केवल सुखात्मक भावों का आलम्बन बनकर उपस्थित होती हैं। उस समय दुःखात्मक क्रोध, शोक आदि भाव भी अपनी लौकिक दुःखात्मता छोड़कर अलौकिक सुखात्मता धारण कर लेते हैं। अभिनवगुप्तपादाचार्य का साधारणीकरण भी यही वस्तु है और कुछ नहीं।

योगी अपनी साधना से इस अवस्था को प्राप्त करता है। जब उसका चित्त इस अवस्था या इस मधुमती भूमिका का स्पर्श

करता है तब समस्त वस्तुजात उसे दिव्य प्रतीत होने लगते हैं। एक प्रकार उसके लिए स्वर्ग का द्वार खुल जाता है। पातञ्जल-सूत्रों के भाष्यकर्ता भगवान् व्यास कैसे सुन्दर शब्दों में इसका वर्णन करते हैं—

मधुमतीं भूमिकां साक्षात्कुर्वतोऽस्य देवाः सत्त्वशुद्धिमनुपश्यन्तः स्थानैरुपनिमन्त्रयन्ते—भो इहास्यताम्, इह रम्यताम्, कमनीयोऽयं भोगः, कमनीयेयं कन्या, रसायनमिदं जरामृत्युं बाधते; वैहायसमिदं यानम्, अमी कल्पद्रुमाः, पुण्या मन्दाकिनी, सिद्धा महर्षयः, उत्तमा अनुकूला अप्सरसः, दिव्ये श्रोत्रचक्षुषी, वज्रोपमः कायः, स्वगुणैः सर्वमिदमुपार्जितमायुष्मता, प्रतिपद्यतामिदमक्षयमजरममरस्थानं देवानां प्रियमिति।

अर्थात्—मधुमती भूमिका का साक्षात्कार करते ही साधक की शुद्ध सात्त्विकता देखकर देवता अपने अपने स्थान में उसे बुलाने लगते हैं—इधर आइए, यहाँ रमिए, इस भोग के लिए लोग तरसा करते हैं, देखिए कैसी सुन्दरी कन्या है, यह रसायन बुढ़ापा और मौत दोनों को दबाता है। यह आकाश-यान, ये कल्पवृक्ष, यह पावन मन्दाकिनी, ये सिद्ध महर्षिगण, ये उत्तम और अनुकूल अप्सरायें, ये दिव्य श्रवण, यह दिव्य दृष्टि, यह वज्र-सा शरीर सब आप ही ने तो अपने गुणों से उपार्जित किया है। फिर पधारिए न इस देवप्रिय अक्षय, अजर, अमर-स्थान में।

इसी दिव्य भूमिका में पहुँचकर क्रान्तदर्शी वैदिक कवि ने कहा था—

मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः माध्वीर्नः सन्त्वोषधीः।
मधु नक्तमुतोषसो मधुमत्पार्थिवं रजः। मधु द्यौरस्तु नः पिता।
मधुमान्नो वनस्पतिर्मधुमाँ अस्तु सूर्यः। माध्वीर्गावो भवन्तु नः।
ऋ० १। ९०। ६

योगी की पहुँच साधना के बल पर जिस मधुमती भूमिका तक होती है प्रातिभज्ञान[१]-सम्पन्न सत्कवि की पहुँच स्वभावतः उस भूमिका तक हुआ करती है। साधक और कवि में अन्तर केवल यही है कि साधक यथेष्ट काल तक मधुमती भूमिका में ठहर सकता है, पर कवि अनिष्ट रजस् या तमस् के उभरते ही उससे नीचे उतर पड़ता है। जिस समय कवि का चित्त इस भूमिका में रहता है उस समय उसके मुँह से वह मधुमयी वाणी निकलती है जो अपनी शब्द-शक्ति से उसी निर्वितर्क समापत्ति रूप खड़ा कर देती है जिसकी चर्चा पहले हो चुकी है। यही रसास्वाद की अवस्था है, यही रस की 'ब्रह्मास्वादसहोदरता' है।

बड़े ही गूढ़ अभिप्राय से प्रकाशकार ने 'माधुर्य...... द्रुतिकारणं' कह कर मधुमती के पुत्र माधुर्य को चित्तद्रुति का कारण बतलाया है। चित्त की द्रुति अथवा द्रवीभाव है क्या? चित्त स्वभावतः कठिन होता है। उसकी कठिनता इसी में है कि

---

१ Benedetto Croce ने इसी प्रातिभ ज्ञान को Intuitive Knowledge कहा है। इसका वर्णन 'प्रातिभाद्वा सर्वम्' ३।३३ तथा 'तारकं सर्वविषयं सर्वथाविषयमक्रमं चेति विवेकजं ज्ञानम्' ३।५४ इन पातञ्जल सूत्रों पर व्यास के भाष्य और विज्ञानभिक्षु के वार्तिक में देखना चाहिए।

वह अपने को किसी भाव से आविष्ट नहीं होने देता, किसी भाव को संचार के लिए उसमें अवकाश नहीं मिलता। जब इस प्रकार की कठिनता चली जाय, जब शोक, क्रोध, जुगुप्सा आदि से उत्पन्न दीप्ति (तमतमाहट) मिट जाय, जब विस्मय, हास, भय आदि से उत्पन्न विक्षेप भी न रहे, उस समय आवरण हटाकर रति आदि भावों के आकार में भासमान आन्तरिक आनन्दज्योति के जग उठने पर जो सहृदय पुरुष के हृदय की आर्द्रता होती है, जो अश्रु-प्रवाह या पुलकावली का संचार हो उठता है वही तो चित्त की द्रुति है। यह भी रसानुभूति की ही अवस्था है। माधुर्य से इसका सम्बन्ध बतलाकर मम्मट ने मधुमती की ओर ही संकेत किया है, पर खुले शब्दों में नहीं।

संस्कृत-साहित्य में मुझे ऐसे दो उदाहरण मिले हैं जहाँ अपर प्रत्यक्ष की अवस्था में भी रससंचार का वर्णन है। एक तो साक्षात् क्रौञ्चवध देखने से महर्षि वाल्मीकि के चित्त में लौकिक संकोचक शोक न उत्पन्न होकर उस अलौकिक विकासक शोक का उत्पन्न होना जिसके आवेश में उनका प्रातिभ ज्ञान जाग उठा और उन्होंने—

मा निषाद प्रतिष्ठां त्वमगमः शाश्वतीः समाः।
यत्क्रौञ्चमिथुनादेकमवधीः काममोहितम्॥

इस छन्दोमयी दैवी वाणी का आकस्मिक उच्चारण कर डाला। इस वाग्ब्रह्म के प्रबोध का वर्णन कालिदास, भवभूति तथा आनन्दवर्धन ने "श्लोकत्वमापद्यत यस्य शोकः" आदि कह कर ऐसे ढंग से किया है कि यह शोक महर्षि के पर प्रत्यक्ष

का विषय ही जान पड़ता है। दूसरा सीता-परित्याग के पश्चात् पुनः पञ्चवटी में स्वयं गये हुए रामचन्द्र में, संगमकालीन दृश्यों का अपर प्रत्यक्ष होने पर भी, लौकिक शोक न होकर उस करुण रस का संचार होना जिसका निर्देश भवभूति ने—

अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः।
पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः॥

कहकर स्पष्ट ही कर दिया है।

इन उदाहरणों में भी पर प्रत्यक्ष की अवस्था ही माननी चाहिए। महर्षि वाल्मीकि और भगवान् रामचन्द्र दोनों ही ऐसे व्यक्ति थे जो परम सात्त्विक कहे जा सकते हैं। उनकी चित्तवृत्ति एक प्रकार से सदा ही मधुमती भूमिका में रमी रहती होगी। अतः उनका शोक आत्म-सम्बन्धी या पर-सम्बन्धी परिच्छिन्न शोक नहीं है जिससे कि वह दुःखात्मक हो, अपितु वह व्यक्तिसम्बन्धशून्य अपरिच्छिन्न शोक था जो स्थायी भाव होकर रस के रूप में परिणत हो सका।

कवि के समान हृदयालु वही सहृदय इसका स्वाद भी पा सकता है जिसका हृदय एक एक कण के साथ बन्धुत्व के बन्धन से बँधा है। वही मेघदूत के पर्वतों को मधुमान् और नदियों को 'मधु क्षरन्ति सिन्धवः' के रूप में देख सकता है।

वर्षाकाल भारत का सबसे अधिक रमणीय काल है। इस समय प्रचण्ड मार्तण्ड की प्रखर किरणों से सन्तापित समस्त भूत-सर्ग वारिद से वारिदान पाने की लालसा से उत्कण्ठित हो उठता है। देश-साम्राज्य के साथ साथ जब से साहित्य-साम्राज्य भी पराया

हो चला है तभी से "विपत्ति के बादल उमड़ने लगे हैं" नहीं तो "मुकुल-मेघ सुख-वारि" ही बरसा करते थे। नेत्ररञ्जन नीरद के उदारता दिखलाते ही अखिल जीवलोक आप्यायित और उच्छ्वसित होकर कुछ न कुछ हृदय का संगीत छेड़ बैठता है। ऐसे अनुकूल समय में रसेश्वर कालिदास की सरस्वती कैसे मौन रहती। उसने मेघ को दूत बनाकर इस प्रकार हमारे सामने लाकर खड़ा कर दिया कि हम चेतनाचेतन का भेद भूलकर उसे सचमुच सन्तप्तों का शरण सुहृद् संदेशवाहक समझने लगे। उसका उत्साह, उसकी प्रीति, उसका विहार, उसकी उदारता सब हमें अपने जान पड़ने लगे। विरही यक्ष (पर-प्रत्यक्ष-प्रिय कालिदास ने जिसका नाम तक नहीं लिया है!) का अतृप्त अनुराग हमारा अनुराग और प्रिया के प्रति उसकी प्रबल उत्कण्ठा हमारी उत्कण्ठा हो उठी। कालिदास की यह प्रसन्न मधुर वाणी, मन्दाक्रान्ता की यह झूमती चाल, देश की यह मनोहर रूपमाधुरी सबने मिलकर मेघदूत में कुछ ऐसा जादू भर दिया है कि प्रत्येक सहृदय इसके असर से लोट पोट हो जाता है। इसका पूरा अनुभव तो मुझे उस दिन हुआ जब भारतकलाभवन में "त्वामालिख्य प्रणयकुपितां" वाला चित्र देखकर और पद्य सुनकर मेरे मान्य मित्र तटस्थ तपस्वी श्रीयुत विधुशेखर शास्त्री जी की आँखें भी छलछला आईं।

इस संस्करण में मैंने कुछ ऐसे शाब्दिक परिवर्तन कर दिये हैं जो काव्य की प्रकृति के अनुकूल हैं।

जन्माष्टमी १९९२

—केशवप्रसाद मिश्र

मेघदूत

मेघदूतम्

पूर्वमेघः

(१)

कश्चित्कान्ताविरहगुरुणा स्वाधिकारात्प्रमत्तः
शापेनास्तंगमितमहिमा वर्षभोग्येण भर्तुः ।
यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु
स्निग्धच्छायातरुषु वसतिं रामगिर्याश्रमेषु ॥

(२)

तस्मिन्नद्रौ कतिचिदबलाविप्रयुक्तः स कामी
नीत्वा मासान्कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः ।
आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुं
वप्रक्रीडापरिणतगजप्रेक्षणीयं ददर्श ॥

(३)

तस्य स्थित्वा कथमपि पुरः कौतुकाधानहेतो-
रन्तर्बाष्पश्चिरमनुचरो राजराजस्य दध्यौ ।
मेघालोके भवति सुखिनोऽप्यन्यथावृत्ति चेतः
कण्ठाश्लेषप्रणयिनि जने किं पुनर्दूरसंस्थे ॥

मेघदूत

पूर्वमेघ

(१)

धनपति ने सेवा से बेसुध एक यक्ष पर कोप किया,
उसे वर्ष भर प्रिया-विरह का कारण दूभर शाप दिया।
तब निरस्त हो उसने डेरे रम्य रामगिरि पर डाले,
जो सीता-मज्जन से शुचि जल और घनी छायावाले॥

(२)

उसी शैल पर उस विरही का आठ मास रोते बीता,
कृश होने से कञ्चन-कङ्कण गिरकर हाथ हुआ रीता।
अब असाढ़ आते ही उसने चोटी पर बादल देखा,
क्रीड़ा में झुक ढूह ढाहते हाथी सा उसको लेखा॥

(३)

उसे देख वह उत्कण्ठित हो जैसे तैसे खड़ा रहा,
जी भर आया, बड़ी देर तक दीन सोच में पड़ा रहा।
जब सुहावनी घटा देखकर सुखी अनमने हो जाते,
तब आलिङ्गन-रसिक कभी क्या रह कर दूर चैन पाते?॥

(४)

प्रत्यासन्ने मनसि दयिताजीविताालम्बनार्थी
जीमूतेन स्वकुशलमयीं हारयिष्यन्प्रवृत्तिम् ।
स प्रत्यग्रैः कुटजकुसुमैः कल्पितार्घाय तस्मै
प्रीतः प्रीतिप्रमुखवचनं स्वागतं व्याजहार ॥

(५)

धूमज्योतिःसलिलमरुतां संनिपातः क्व मेघः
संदेशार्थाः क्व पटुकरणैः प्राणिभिः प्रापणीयाः ।
इत्यौत्सुक्यादपरिगणयन्गुह्यकस्तं ययाचे
कामार्ता हि प्रकृतिकृपणाश्चेतनाचेतनेषु ॥

(६)

जातं वंशे भुवनविदिते पुष्करावर्तकानां
जानामि त्वां प्रकृतिपुरुषं कामरूपं मघोनः ।
तेनार्थित्वं त्वयि विधिवशाद्दूरबन्धुर्गतोऽहं
याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा ॥

(७)

संतप्तानां त्वमसि शरणं तत्पयोद प्रियायाः
संदेशं मे हर धनपतिक्रोधविश्लेषितस्य ।
गन्तव्या ते वसतिरलका नाम यक्षेश्वराणां
बाह्योद्यानस्थितहरशिरश्चन्द्रिकाधौतहर्म्या ॥

(४)

जी में जी आने पर, घन से समाचार निज भिजवाना—
प्रिया-प्राण-रक्षा का उसने एकमात्र साधन माना।
लेकर टटके कुसुम कुटज के प्रथम उसे उपहार दिया,
फिर प्रसन्न हो प्रिय वचनों से स्वागत-शिष्टाचार किया॥

(५)

भाप पवन पानी पावक का मेघ निरा संघात कहाँ!
चतुर सचेत जनों के द्वारा कहलाने की बात कहाँ!
उत्कण्ठा से हुआ यक्ष वह निर्विचार याचन में लीन;
जड़ हो या चेतन हो सबसे आर्त्त कामिजन बनते दीन॥

(६)

बोला—विदित पुष्करावर्त्तक-कुल ने तुझको जन्म दिया,
बना प्रधान पुरुष सुरपति का, जब जो चाहा रूप लिया।
विधिवश स्वजनों से बिछुड़ा मैं हुआ आज याचक तेरा;
नहीं अधम से माँगा मिलना, उत्तम से अच्छा फेरा॥

(७)

सन्तप्तों का शरण! तु ही हे जलद! प्रिया से कह सन्देश,
धनपति के कारण वियोग में भोग रहा हूँ ऐसे क्लेश।
यक्षपुरी अलका को जाना जहाँ महल कर रही उदोत—
बाहर के उपवन में बैठे भव के भालचन्द्र की जोत॥

(८)

त्वामारूढं पवनपदवीमुद्गृहीतालकान्ताः
प्रेक्षिष्यन्ते पथिकवनिताः प्रत्ययादाश्वसन्त्यः ।
कः संनद्धे विरहविधुरां त्वय्युपेक्षेत जायां
न स्यादन्योऽप्यहमिव जनो यः पराधीनवृत्तिः ॥

(९)

मन्दं मन्दं नुदति पवनश्चानुकूलो यथा त्वां
वामश्चायं नदति मधुरं चातकस्ते सगन्धः ।
गर्भाधानक्षणपरिचयान्नूनमाबद्धमालाः
सेविष्यन्ते नयनसुभगं खे भवन्तं बलाकाः ॥

(१०)

तां चावश्यं दिवसगणनातत्परामेकपत्नी-
मव्यापन्नामविहतगतिर्द्रक्ष्यसि भ्रातृजायाम् ।
आशाबन्धः कुसुमसदृशं प्रायशो ह्यङ्गनानां
सद्यःपाति प्रणयि हृदयं विप्रयोगे रुणद्धि ॥

(११)

कर्तुं यच्च प्रभवति महीमुच्छिलीन्ध्रामवन्ध्यां
तच्छ्रुत्वा ते श्रवणसुभगं गर्जितं मानसोत्काः ।
आ कैलासाद्बिसकिसलयच्छेदपाथेयवन्तः
संपत्स्यन्ते नभसि भवतो राजहंसाः सहायाः ॥

आँखों पर से बाल उठाकर देख हवा पर तुझे सवार,
पथिक-रमणियाँ धैर्य धरेंगी प्रियजन का आगमन विचार।
भला कौन तेरे घिरने पर सकता है विरहिन को भूल,
यदि न हमारी ऐसी उसको पराधीनता हो दुखमूल ॥

(९)

मन्द मन्द अनुकूल पवन यह तुझको सीधे वहा रहा,
तेरा सगा पपीहा बायें पिहक रहा चहचहा रहा।
तो अवश्य प्रियदर्शन! तेरा नभ में बहुत करेंगी मान,
पाँत बाँधकर उड़ी बगलियाँ गर्भाधान समय को जान ॥

(१०)

दिन गिन गिन कर धीरज धरती पतिव्रता भावज तेरी,
जीती ही दिखलाई देगी जो न लगी तुझको देरी।
कुसुम-समान हृदय रमणी का जब वियोग में कुम्हलाता,
आशा-रूप-वृन्त के कारण गिरते गिरते रुक जाता ॥

(११)

छत्रक उपजा कर धरती को शस्यशालिनी जो करता,
श्रुतिसुख सुन वह तेरा गर्जन जब हंसों का मन भरता।
कमलनाल के मृदुलदलों का संबल तब वे ले ले कर,
मानसगामी नभ में होंगे हरगिरि तक तेरे सहचर ॥

(१२)

आपृच्छस्व प्रियसखममुं तुङ्गमालिङ्ग्य शैलं
वन्द्यैः पुंसां रघुपतिपदैरङ्कितं मेखलासु ।
काले काले भवति भवतो यस्य संयोगमेत्य
स्नेहव्यक्तिश्चिरविरहजं मुञ्चतो बाष्पमुष्णम् ॥

(१३)

मार्गं तावच्छृणु कथयतस्त्वत्प्रयाणानुरूपं
संदेशं मे तदनु जलद श्रोष्यसि श्रोत्रपेयम् ।
खिन्नः खिन्नः शिखरिषु पदं न्यस्य गन्तासि यत्र
क्षीणः क्षीणः परिलघु पयः स्रोतसां चोपभुज्य ॥

(१४)

अद्रेः शृङ्गं हरति पवनः किंस्विदित्युन्मुखीभि-
र्दृष्टोत्साहश्चकितचकितं मुग्धसिद्धाङ्गनाभिः ।
स्थानादस्मात्सरसनिचुलादुत्पतोदङ्मुखः खं
दिङ्नागानां पथि परिहरन्स्थूलहस्तावलेपान् ॥

(१५)

रत्नच्छायाव्यतिकर इव प्रेक्ष्यमेतत्पुरस्ता-
द्वल्मीकाग्रात्प्रभवति धनुःखण्डमाखण्डलस्य ।
येन श्यामं वपुरतितरां कान्तिमापत्स्यते ते
बर्हेणेव स्फुरितरुचिना गोपवेषस्य विष्णोः ॥

(१२)

जिसके ऊपर रघुनायक के वन्दनीय चरणों की छाप,
उस प्रियवन्धु तुङ्ग गिरिवर से मिलकर विदा माँग तू आप।
समय समय पर ही तुझको पा जो चिर-विरह-जन्य तत्काल,
उष्ण वाष्प मोचन कर करके कहता व्यथित हृदय का हाल॥

(१३)

प्रिय पयोद ! प्रस्थान योग्य पथ बतला दूँ पहले तुझको,
(श्रवण-योग्य सन्देश कहूँगा फिर जो कहना है मुझको।)
उस पथ में थकने पर करना गिरिवर-शिखरों पर विश्राम,
और क्षीण होने पर पीना सरिता-सलिल सरस गुणधाम॥

(१४)

'कहीं वायु गिरि-शिखर उड़ाये तो यह नहीं लिये जाता ?'
यों तू चकित मुग्ध सिद्धों की वधुओं से देखा जाता।
पथ में दिङ्नागों की भीषण सूँड़ों का हरते अभिमान—
सरस-निचुलवाले इस थल से उत्तर को करना प्रस्थान॥

(१५)

बाँबी के ऊपर से सम्मुख देख निकलता आता है,
रत्नों के द्युति-मण्डल सा यह इन्द्रधनुष छवि पाता है।
इससे रुचिर साँवली सूरत वह तेरी मन भायेगी,
मोरपङ्खधर गोपवेशकर हरि की याद दिलायेगी॥

(१६)

त्वय्यायत्तं कृषिफलमिति भ्रूविलासानभिज्ञैः
प्रीतिस्निग्धैर्जनपदवधूलोचनैः पीयमानः ।
सद्यः सीरोत्कषणसुरभि क्षेत्रमारुह्य मालं
किंचित्पश्चाद्व्रज लघुगतिर्भूय एवोत्तरेण ॥

(१७)

त्वामासारप्रशमितवनोपप्लवं साधु मूर्ध्ना
वक्ष्यत्यध्वश्रमपरिगतं सानुमानाम्रकूटः ।
न क्षुद्रोऽपि प्रथमसुकृतापेक्षया संश्रयाय
प्राप्ते मित्रे भवति विमुखः किं पुनर्यस्तथोच्चैः ॥

(१८)

छन्नोपान्तः परिणतफलद्योतिभिः काननाम्रै-
स्त्वय्यारूढे शिखरमचलः स्निग्धवेणीसवर्णे ।
नूनं यास्यत्यमरमिथुनप्रेक्षणीयामवस्थां
मध्ये श्यामः स्तन इव भुवः शेषविस्तारपाण्डुः ॥

(१९)

स्थित्वा तस्मिन्वनचरवधूभुक्तकुञ्जे मुहूर्त्तं
तोयोत्सर्गद्रुततरगतिस्तत्परं वर्त्म तीर्णः ।
रेवां द्रक्ष्यस्युपलविषमे विन्ध्यपादे विशीर्णां
भक्तिच्छेदैरिव विरचितां भूतिमङ्गे गजस्य ॥

(१६)

जलद ! गाँव की बारी भोरी तुझे जान कृषि का आधार,
नेहभरी भोली चितवन से देख करेंगी तेरा प्यार।
नये जुते खेतों से सोंधी माल-भूमि पर घेरा डाल,
चटपट उत्तर को चल देना वहाँ बिताकर थोड़ा काल॥

(१७)

बरस बरस कर तुझने की हैं जिसकी दव-ज्वालायें शान्त,
आम्रकूट वह सिर आँखों पर लेगा तुझे देखकर क्लान्त।
नहीं कृपण भी पीछे हटना पहले के उपकार विचार—
विधिवश मित्ती मित्र-सेवा से, फिर कैसे वह उच्च उदार!॥

(१८)

उस पर छा जायेगा जब तू चिकनी चोटी जैसा श्याम,
तब वह अचल पके आमों से पीला त्यों होगा अभिराम।
ज्यों अचला-कुच मध्य भाग में मेचक शेष भाग में गौर,
विहरणशील देव-देवी की चाह भरी चितवन का चैार॥

(१९)

जिसके कुञ्जों में वनवासी कामिनियों ने किया विहार,
तनिक ठहर कर वहाँ बरसने से द्रुतगति हो उसके पार।
विन्ध्यपाद की विषम शिलाओं पर बि खरी रेवा की धार,
देख पड़ेगी गज के तन पर खिंची खौर ज्यों रुचिराकार॥

(२०)

तस्यास्तिक्तैर्वनगजमदैर्वासितं वान्तवृष्टि-
र्जम्बूकुञ्जप्रतिहतरयं तोयमादाय गच्छेः ।
अन्तःसारं घन तुलयितुं नानिलः शक्ष्यति त्वां
रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय ॥

(२१)

नीपं दृष्ट्वा हरितकपिशं केसरैरर्धरूढै-
राविर्भूतप्रथममुकुलाः कन्दलीश्चानुकच्छम् ।
जग्ध्वारण्येष्वधिकसुरभिं गन्धमाघ्राय चोर्व्याः
सारङ्गास्ते जललवमुचः सूचयिष्यन्ति मार्गम् ॥

(२२)

अम्भोबिन्दुग्रहणचतुरांश्चातकान्वीक्षमाणाः
श्रेणीभूताः परिगणनया निर्दिशन्तो बलाकाः ।
त्वामासाद्य स्तनितसमये मानयिष्यन्ति सिद्धाः
सोत्कम्पानि प्रियसहचरीसंभ्रमालिङ्गितानि ॥

(२३)

उत्पश्यामि द्रुतमपि सखे मत्प्रियार्थं यियासोः
कालक्षेपं ककुभसुरभौ पर्वते पर्वते ते ।
शुक्लापाङ्गैः सजलनयनैः स्वागतीकृत्य केकाः
प्रत्युद्यातः कथमपि भवान्गन्तुमाशु व्यवस्येत् ॥

(२०)

वृष्टि उगल कर तिक्त वनज-गज-मद से सुरभित उसका नीर
पीकर चलना जो जामुन के कुञ्जों से रुक कर अतिधीर।
तब घन! पवन नहीं हो सकता सारपूर्ण तुझसे प्रतिकूल,
रीतापन लघुता का कारण पूरापन गुरुता का मूल॥

(२१)

हरित-पीत अर्धस्फुट-केसर निरख नीप कुसुमों का रूप,
नीच कछारों में कलियाई नवल कन्दली-राशि अनूप।
और जङ्गलों में वर्षा से सोंधी लेकर फैली वास,
भृङ्ग कुरङ्ग मतङ्ग करेंगे पथ दिखलाकर बड़ा सुपास॥

(२२)

चोंचों से बूँदें लेने में चतुर चातकों को पाते,
पाँतों में उड़ रहीं बगलियाँ गिन गिनकर जो बतलाते।
सिद्ध लोग वे तब मानेंगे तेरे गर्जन का उपकार,
डरकर जब सहचरियाँ उनसे लिपट जायँगी बारंबार॥

(२३)

यद्यपि मित्र! प्रिया के कारण करना है सत्वर प्रस्थान,
तो भी ककुभ[१]-सुरभि शैलों पर रुकने का होता अनुमान।
सजलनयन केकी कूकों से स्वागत कर कर लें मनुहार,
जैसे हो तैसे तुरन्त तू चलदेना तज सोच-विचार॥

१. कुड़ा

(२०)

तस्यास्तिक्तैर्वनगजमदैर्वासितं वान्तवृष्टि-
र्जम्बूकुञ्जप्रतिहतरयं तोयमादाय गच्छेः ।
अन्तःसारं घन तुलयितुं नानिलः शद्यति त्वां
रिक्तः सर्वो भवति हि लघुः पूर्णता गौरवाय ॥

(२१)

नीपं दृष्ट्वा हरितकपिशं केसरैरर्धरूढै-
राविर्भूतप्रथममुकुलाः कन्दलीश्चानुकच्छम् ।
जग्ध्वारण्येष्वधिकसुरभिं गन्धमाघ्राय चोर्व्याः
सारङ्गास्ते जललवमुचः सूचयिष्यन्ति मार्गम् ॥

(२२)

[illegible]ग्रहणचतु[illegible]णाः
श्रेणीभूताः परिगणनया निर्दिशन्तो बलाकाः ।
त्वामासाद्य स्तनितसमये मानयिष्यन्ति सिद्धाः
सोत्कम्पानि प्रियसहचरीसंभ्रमालिङ्गितानि ॥

(२३)

उत्पश्यामि द्रुतमपि सखे मत्प्रियार्थं यियासोः
कालक्षेपं ककुभसुरभौ पर्वते पर्वते ते ।
शुक्लापाङ्गैः सजलनयनैः स्वागतीकृत्य केकाः
प्रत्युद्यातः कथमपि भवान्गन्तुमाशु व्यवस्येत् ॥

(२४)

जहाँ खिले केतक कुसुमों से धवलित उपवन के घेरे,
आम-पादपों को कौवों ने घेर घने डाले डेरे।
पकी पकी काली जामुन के वन से वह दशार्ण सुन्दर,
तेरे जाते जाते होगा कुछ ही दिन हंसों का घर ॥

(२५)

उस दशार्ण की विदिशा नामक विदित राजधानी के पास,
देख तरङ्गित वेत्रवती को होगा तेरा सफल विलास।
तुझ प्रेमालापी को करते जान मधुर अधरामृत-पान,
वह इठला कर लहरी-रूपी टेढ़ी भौंहें लेगी तान ॥

(२६)

खिले कदम्बों से पुलकित सा जो होगा तुझसे मिलकर,
उसी नीचनामक पर्वत पर दम लेने के लिए ठहर।
उसके शिलागृहों से निकला वारवधू-तन-परिमल-गन्ध,
बतलाता नागरिक जनों को यौवन की चढ़ती से अन्ध ॥

(२७)

पर्वतीय नदियों के तट पर फूले जूही के आराम,
उन्हें सींचते आगे बढ़ना थोड़ा सा करके विश्राम।
और मालिनों के मुखड़ों पर छायाकर करना [illegible]कार
जिनके कर्ण-कमल मुरझाते स्वेद पोंछते ब[illegible]

(२८)

वक्रः पन्था यदपि भवतः प्रस्थितस्योत्तराशां
सौधोत्सङ्गप्रणयविमुखो मा स्म भूरुज्जयिन्याः ।
विद्युद्दामस्फुरितचकितैस्तत्र पौराङ्गनानां
लोलापाङ्गैर्यदि न रमसे लोचनैर्वञ्चितोऽसि ॥

(२९)

वीचिक्षोभस्तनितविहगश्रेणिकाञ्चीगुणायाः
संसर्पन्त्याः स्खलितसुभगं दर्शितावर्तनाभेः ।
निर्विन्ध्यायाः पथि भव रसाभ्यन्तरः सन्निपत्य
स्त्रीणामाद्यं प्रणयवचनं विभ्रमो हि प्रियेषु ॥

(३०)

वेणीभूतप्रतनुसलिलाऽसावतीतस्य सिन्धुः
पाण्डुच्छाया तटरुहतरुभ्रंशिभिर्जीर्णपर्णैः ।
सौभाग्यं ते सुभग विरहावस्थया व्यञ्जयन्ती
कार्श्यं येन त्यजति विधिना स त्वयैवोपपाद्यः ॥

(३१)

प्राप्यावन्तीनुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान्
पूर्वोद्दिष्टामनुसर पुरीं श्रीविशालां विशालाम् ।
स्वल्पीभूते सुचरितफले स्वर्गिणां गां गतानां
शेषैः पुण्यैर्हृतमिव दिवः कान्तिमत्खण्डमेकम् ॥

यद्यपि उत्तर चलते तुझको उज्जयिनी जाने में फेर,
उसके महलों का मन रखने में तथापि मत करना देर।
चल चपला से चकित छुटीले नागरियों के बाँके नैन,
यदि न उलझकर तुझे लुभावें समझ जन्म वञ्चित बेचैन॥

(२९)

पहन करधनी उन हंसों की लहराकर जो देते बोल,
इठला इठला कर जो चलती रुचिर भँवरनाभी को खोल।
पथ में ऐसी निर्विन्ध्या के रस का बस बन जाना धाम,
हावभाव ही करता प्रिय पर पहले प्रणय-वचन का काम॥

(३०)

सिन्धु विरह में सूख सिमटकर रखती लट सी पतली धार,
तट के पेड़ों के पतझड़ से पीला पड़ा पूर्ण आकार।
भाग्यवान हे मेघ! कर रही जो वह तेरा इतना प्यार,
जैसे अपनी कृशता तजदे करना वैसे ही उपचार॥

(३१)

पहुँच अवन्ती, जहाँ जानते ग्राम-वृद्ध उदयन का हाल,
तू उस उज्जयिनी को जाना जो रखती सम्पत्ति विशाल।
मानों स्वर्ग भोगकर उतरे धरती पर जो उसको त्याग,
अपने शेष पुण्य से उसका लेआये यह सुन्दर भाग॥

(३२)

दीर्घीकुर्वन्पटु मदकलं कूजितं सारसानां
प्रत्यूषेषु स्फुटितकमलामोदमैत्रीकषायः ।
यत्र स्त्रीणां हरति सुरतग्लानिमङ्गानुकूलः
शिप्रावातः प्रियतम इव प्रार्थनाचाटुकारः ॥

(३३)

जालोद्गीर्णैरुपचितवपुः केशसंस्कारधूपै-
र्बन्धुप्रीत्या भवनशिखिभिर्दत्तनृत्योपहारः ।
हर्म्येष्वस्याः कुसुमसुरभिष्वध्वखेदं नयेथा
लक्ष्मीं पश्यँल्ललितवनितापादरागाङ्कितेषु ॥

(३४)

भर्तुः कण्ठच्छविरिति गणैः सादरं वीक्ष्यमाणः
पुण्यं यायास्त्रिभुवनगुरोर्धाम चण्डीश्वरस्य ।
धूतोद्यानं कुवलयरजोगन्धिभिर्गन्धवत्या-
स्तोयक्रीडानिरतयुवतिस्नानतिक्तैर्मरुद्भिः ॥३४॥

(३५)

अप्यन्यस्मिञ्जलधर महाकालमासाद्य काले
स्थातव्यं ते नयनविषयं यावदत्येति भानुः ।
कुर्वन्संध्याबलिपटहतां शूलिनः श्लाघनीया-
मामन्द्राणां फलमविकलं लप्स्यसे गर्जितानाम् ॥

(३२)

उन्मद हंसों के कलरव को बल देता जो भले प्रकार,
मोर खिले कमलों से मिलकर ले लेता जो सौरभ-सार।
विनती करने में प्रियतम सा चाटुकार वह शिप्रावात,
यहाँ रतिश्रम हर कर करता कामिनियों का सुखमय गात ॥

(३३)

जाली से निकले केशों के गन्धधूप से पाकर सार,
गृह मयूर का नृत्य मानकर भाई-चारे का उपहार।
कुसुम-सुरभि जिनमें अङ्कित हे रुचिर रमणियों का पदराग,
उसके उन भवनों की शोभा लखते मार्ग-खेद को त्याग ॥

(३४)

प्रमथ तुझे देखेंगे सादर निज स्वामी के कण्ठ समान,
त्रिभुवन-नायक महादेव के पुण्यधाम जाने की ठान।
कमल-धूलिधर, जल-विहार-कर कामिनियों का सौरभ-चोर,
गन्धवती का पवन वहाँ के उपवन को देता झकझोर ॥

(३५)

चाहे जलधर! अन्य समय भी पहुँचे महाकाल के धाम,
किन्तु ठहरना वहीं, न जब तक दिननायक लेलें विश्राम।
तू प्रदोष की पशुपति-पूजा में देना डंके का काम,
अपने मन्द मन्द गर्जन का फल पाकर रख लेना नाम ॥

(३६)

पादन्यासैः क्वणितरशनास्तत्र लीलावधूतै
रत्नच्छायाखचितबलिभिश्चामरैः क्लान्तहस्ताः ।
वेश्यास्त्वत्तो नखपदसुखान्प्राप्य वर्षाग्रबिन्दू-
नामोक्ष्यन्ते त्वयि मधुकरश्रेणिदीर्घान्कटाक्षान् ॥

(३७)

पश्चादुच्चैर्भुजतरुवनं मण्डलेनाभिलीनः
सान्ध्यं तेजः प्रतिनवजपापुष्परक्तं दधानः ।
नृत्यारम्भे हर पशुपतेरार्द्रनागाजिनेच्छां
शान्तोद्वेगस्तिमितनयनं दृष्टभक्तिर्भवान्या ॥

(३८)

गच्छन्तीनां रमणवसतिं योषितां तत्र नक्तं
रुद्धालोके नरपतिपथे सूचिभेद्यैस्तमोभिः ।
सौदामन्या कनकनिकषस्निग्धया दर्शयोर्वीं
तोयोत्सर्गस्तनितमुखरो मा स्म भूर्विक्लवास्ताः ॥

(३९)

तां कस्यांचिद्भवनवलभौ सुप्तपारावतायां
नीत्वा रात्रिं चिरविलसनात्खिन्नविद्युत्कलत्रः ।
दृष्टे सूर्ये पुनरपि भवान्वाहयेदध्वशेषं
मन्दायन्ते न खलु सुहृदामभ्युपेतार्थकृत्याः ॥

(३६)

जिनकी कटि-किंकिणियाँ बजतीं पग पग पर सुस्वर के साथ,
रत्नकान्ति-मण्डित दण्डों के चामर ढुलते जिनके हाथ।
नर्त्तकियाँ वे नखरेखों पर पड़ी सुखद बूँदों से प्रीत,
भ्रमर-पाँतसी बाँकी चितवन तुझपर मोड़ेंगी, हे मीत!॥

(३७)

अभिनव जपाकुसुम की लाली धारण करना सायंकाल,
शिव के उच्च बाहु-तरु-वन पर अपना मण्डल देना डाल।
जिससे वे न नाच में लेना चाहें गज की गीली खाल,
और शान्त हो शिवा एकटक लखें भक्ति तेरी तत्काल॥

(३८)

वहाँ रात को नहीं सूझती घनी अँधेरी में जब राह,
तभी रमणियाँ जाती होंगी रमणों के घर भरी उछाह।
कनक-कसौटी की रेखा सी बिजुली से दिखलाना बाट,
डरी नारियों को न डराना, बरस या कि दे गर्जन-डाट॥

(३९)

ऐसी छत पर जहाँ कबूतर करते हों निधड़क आराम,
अतिविलास से थकी चञ्चला प्यारी को देना विश्राम।
शेषमार्ग पूरा कर देना रात बिता कर अरुण निहार,
कहीं देर करता क्या कोई मित्र-कार्य का लेकर भार?॥

तत्र स्कन्दं नियतवसतिं पुष्पमेघीकृतात्मा
पुष्पासारैः स्नपयतु भवान्व्योमगङ्गाजलार्द्रैः ।
रक्षाहेतोर्नवशशिभृता वासवीनां चमूना-
मत्यादित्यं हुतवहमुखे संभृतं तद्धि तेजः ॥

(४५)

ज्योतिर्लेखावलयि गलितं यस्य बर्हं भवानी
पुत्रप्रेम्णा कुवलयदलप्रापि कर्णे करोति ।
